पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–22 / 2021..................

बिहार कर्मचारी चयन आयोग

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

पत्रांक 5429/अ0 दिनांक 06-11-2021

वि0सं0–06060114, प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2014 के नये सफल अभ्यर्थियों के लिए दिनांक–18.10.2021 को आयोजित मुख्य परीक्षा के उपरांत कोटिवार न्यूनतम अर्हतांक के आधार पर योग्य पाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा दिनांक–09.11.2021 को आयोजित होने वाली टंकण/आशुलेखन जाँच परीक्षा हेतु हॉल टिकट (Hall Ticket) एवं विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाइट **https://bssc.bihar. gov.in** पर प्रदर्शित कर दी गयी है। उक्त जाँच परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैः–

1. टंकण/आशुलेखन जाँच परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना हॉल टिकट (Hall Ticket) नीचे दिये गये लिंक से डाउनलोड (Download) कर लें। अभ्यर्थी का User ID उनके मुख्य परीक्षा का अनुक्रमांक एवं Password जन्म तिथि (ddmmyyyy) है।

   https://cdn.digialm.com/EForms/configuredHtml/31537/74149/login.html

   Hall Ticket का प्रिंट आउट निकालकर अभ्यर्थी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे तथा इसमें अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे।
2. अभ्यर्थी अपने साथ मुख्य परीक्षा का प्रवेश पत्र एवं एक फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा– आधार कार्ड/पैनकार्ड/वोटर आई कार्ड आदि मूल में लायेंगे।
3. अभ्यर्थी को परीक्षा हेतु निर्धारित समय से डेढ़ घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना अनिवार्य है। परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र का गेट बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
4. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर या बाहर सी0सी0टी0भी0 कैमरे की निगरानी में रहेंगे। अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि परीक्षा भवन और परिसर में इसके इर्द–गिर्द कोई उद्दंडता/अवांछित गतिविधि अथवा कदाचार न करें। यदि वे ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाये जायेंगे, तो उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेंगी।
5. अभ्यर्थियों को Covid-19 Protocol का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। मास्क पहनकर आना अनिवार्य होगा।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar. gov.in** का सतत अवलोकन करते रहें।

6/11/21

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।